**SAMTEX**

**FASHIONS LIMITED**

A Govt. Recognised Export House

*Men's fashion technology*

**Date: 13.11.2021**

**To,**
**Manager (Listing)**
**Corporate Relationship Department**
**The Bombay Stock Exchange Limited**
**P. J. Towers,**
**Dalal Street, Mumbai-400001**

**Ref - SAMTEX FASHIONS LIMITED**
**Scrip Code - 521206**

**Sub -PUBLICATION OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE SECOND QUARTER & HALF YEAR ENDED 30.09.2021**

Dear Sir,

Please find enclosed copy of Newspaper cutting of Published Un-audited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the secondquarter& half year ended 30th September, 2021 as got published in:

1. Financial Express dated – 13.11.2021
2. Haribhoomi dated– 13.11.2021

Thanking You

**Yours Sincerely**
**For Samtex Fashions Limited**

Anushika Mishra

**Anushika Mishra**
**Company Secretary**
**(ACS- 59065)**

**Encl: as above**

**Regd. Office & Works: Khasra No 62,D 1/3 Industrial Area, Rajarampur, Sikandrabad, Bulandshahr UP 203205 IN**
**Delhi Office: Unit No. 137, DLF Prime Tower, F Block, Okhla Phase-1, New Delhi- 110020, Telephone No. 011-49025972**
**CIN : L17112UP1993PLC022479, E-mail id : samtex.compliance@gmail.com, Website- www.samtexfashions.com**

Scanned with CamScanner

# 6000 से ज्यादा पुलिस बल संभालेगा सुरक्षा व्यवस्था, ड्रोन भी रखेंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में 15 नवंबर को आयोजित होने जा रहे जनजातीय सम्मेलन को लेकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी जाएगी। इस सम्मेलन को संबोधित करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं तो पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी। सूत्र बताते हैं कि 6000 से ज्यादा की संख्या में पुलिस बल पूरे भोपाल में लगाया जा रहा है, जिसमें अत्यधिक बल जंबूरी मैदान, हबीबगंज रेलवे स्टेशन व बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी के क्षेत्र में तैनात रहेगा। हालांकि पुलिस बल की संख्या की अधिकृत पुष्टि गुरुवार तक किसी पुलिस अधिकारी ने नहीं की है, लेकिन तैयारियां तेज हैं। सूत्रों की मानें तो 5000 की संख्या में पुलिस बल पीएचक्यू से मांगा गया है, जो आसपास के जिलों से आएगा। इसके अलावा भोपाल पुलिस लाइन व थानों का बल भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेगा। जिसमें करीब 1500 की संख्या का पुलिस बल मय ट्रैफिक पुलिस के लगाया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि इलाकों पर नजर रखने पुलिस ड्रोन का इस्तेमाल भी करेगी।

## *पीएम मोदी के भोपाल आगमन को लेकर पुलिस की तैयारियां जारी, कार्यक्रम स्थल पर तेजी से चल रही हैं तैयारियां, चार हेलीपेड बनाए जा रहे हैं जंबूरी मैदान में, 3 बन गए हैं बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी में*



वन मंत्री डॉ.कुंवर विजय शाह एवं खाद्य मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने जंबूरी मैदान में 15 नवम्बर को आयोजित होने वाले जनजातीय गौरव दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

**एसपीजी व बुलेट प्रूफ कार का इंतजार :** प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चलने वाली एसपीजी जल्द ही कार्यक्रम स्थल समेत आसपास के इलाकों को अपने कब्जे में लेगी। साथ ही प्रधानमंत्री की बुलेट प्रूफ कार भी भोपाल आएगी। हरिभूमि ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया तो वहां पांडाल व डोम तैयार होते नजर आए।

### आसपास चल रहे हैं व्यवसाय

हरिभूमि ने गुरुवार की शाम जंबूरी मैदान पर जाकर देखा तो वहां पास ही विभिन्न व्यवसाय सड़क किनारे संचालित होते नजर आए। हालांकि ये कार्यक्रम वाले दिन 15 नवंबर से पहले यहां से हटाए जा सकते हैं, या इन्हें उस दिन बंद करा दिया जाएगा। पुलिस इन सभी की जानकारी ले रही है कि कौन कहां से आया है, कहां का है।

### यह भी खास

- जंबूरी मैदान के कार्यक्रम मंच पर पीएम 1 घंटे से ज्यादा समय तक रहेंगे।
- जंबूरी मैदान पर लगाए जा रहे हैं जनजातीय सूरमाओं के कटआउट।
- पीएम मोदी, सीएम चौहान के कटआउट भी लग रहे हैं।
- 5 डोम बनाए जा रहे हैं। साथ ही करीब 2 लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।
- जंबूरी मैदान में करीब 350 से अधिक मजदूर काम पर लगे हैं।
- डोम के काम में मप्र के अलावा बाहरी मजदूर भी काम कर रहे हैं।
- क्रेनों से भी लिया जा रहा है काम।
- जंबूरी मैदान पर 100 से अधिक एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी।
- मौके पर डोम क्षेत्र में पुलिस तैनात है, जो अकारण आने वाले को प्रवेश से रोक रही है।

### गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने तैयारियों की समीक्षा की

भोपाल। आगामी 15 नवम्बर को आयोजित होने वाले जनजातीय महासम्मेलन के लिये इंदौर जिले में भी व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। यह महासम्मेलन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के जम्बूरी मैदान में होगा। महासम्मेलन में इंदौर सहित आस-पास के जिलों से जाने वाले युवाओं की इंदौर में



मेहमानों की तरह आवभगत की जाएगी। उनके ठहरने, चाय, नाश्ता एवं भोजन आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं। महासम्मेलन के लिये की जा रही तैयारियों की आज इंदौर में जिले के प्रभारी तथा गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने समीक्षा की। इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट भी मौजूद थे। इंदौर के रेसीडेंसी में आयोजित बैठक में कलेक्टर मनीष सिंह, आईजी हरिनारायणचारी मिश्र, विधायक रमेश मेंदोला, आकाश विजयवर्गीय, महेन्द्र हार्डिया, कृष्णमुरारी मोघे, सुदर्शन गुप्ता , राजेश सोनकर, जिपं प्रधान सुश्री कविता पाटीदार, मधु वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ननि आयुक्त प्रतिभा पाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# नक्सलियों ने जन अदालत लगाकर अपने ही साथी युवक को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा जन अदालत लगाकर एक ग्रामीण की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक ग्रामीण नक्सलियों का ही पूर्व साथी बताया जा रहा है। पुलिस मृतक के खिलाफ थाने में कई अपराध दर्ज होने की बात कह रही है। दूसरी ओर नक्सल प्रभावित संवदेनशील क्षेत्र होने के चलते शुक्रवार शाम तक पुलिस मृतक का शव बरामद नहीं कर सकी थी। हालाकि हत्या होने की पुष्टि पुलिस द्वारा कर दी गई है।

## 40 से अधिक नक्सलियों ने 3 गांव के ग्रामीणों की जन अदालत लगाई

### मृतक पर थे आठ प्रकरणों में अपराध दर्ज



बताया जा रहा है कि कोयलीबेड़ा पुलिस थाना में मृतक बिनेश उर्फ दिनेश के खिलाफ अलग-अलग आठ अपराध दर्ज हैं। जिसमें हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में पुलिस ने अपराध दर्ज है। बताया जा रहा है कि पूर्व में यह नक्सलियों से जुड़ा हुआ था और रावघाट कमेटी मे सप्लाई टीम का सदस्य था।

**सतर्कता बरत रही पुलिस :** घटना के बाद पुलिस शव बरामद नहीं कर सकी है, जिसका कारण क्षेत्र के नक्सल प्रभावित होना है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र में इस प्रकार की घटना होने के बाद अक्सर देखा गया है कि मौके लिए रवाना हुई पुलिस टीम पर घात लगाए बैठे नक्सली हमला कर देते हैं।

### कायराना हरकत सामने आई

एक बार फिर नक्सलियों की कायराना हरकत सामने आई है। कोयलीबेड़ा थाना के गट्टाकाल के जंगल में नक्सलियों ने गुरूवार शाम जन आदलत लगाकर ग्रामीण बिनेश उर्फ दिनेश की हत्या करने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि 40 से अधिक नक्सलियों ने 3 गांव के ग्रामीणों की जन अदालत लगाकर बिनेश उर्फ दिनेश की हत्या की है। पुलिस ने बताया कि हत्या का कारण क्या है क्यों की गई है यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा
कौशल भवन, प्लाट नं. आई.पी.-2, सैक्टर-3 पंचकूला
वैबसाईट www.itiharyana.gov.in Twiter:@Haryana ITis

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2021-22 में दाखिले हेतु नए आवेदन फार्म लेने बारे

हरियाणा राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पांचवीं ऑनलाईन दाखिला काउंसलिंग के लिए नए आवेदन पत्र दिनांक 15.11.2021 तक आन लाईन दाखिला पोर्टल itiharyanaadmissions.nic.in पर आमंत्रित हैं। पांचवीं दाखिला काउंसलिंग नए एवं पुराने आवेदनों की संयुक्त मैरिट के आधार पर की जाएगी तथा इसमें कोई भी आरक्षण लागू नहीं होगा। दाखिले का कार्यक्रम निम्न प्रकार से होगा।

| | | |
|---|---|---|
| 5th counseling | Display of vacant seats for 5th round | 21st November, 2021 |
| | Opening of Portal for revision of options/preferences | 22nd-23rd November |
| | Merit cum seat allotment | 24th November |
| | Physical verification of documents of admitted trainees ITI level and fee deposit | 24th-26th November 2021 |

सत्र 2021-22 के दाखिले की विवरण पत्रिका में वर्णित अन्य नियम व शर्तें यथावत लागू रहेंगी। प्रार्थियों से अनुरोध है कि दाखिला सम्बन्धी किसी प्रकार की सूचना के लिए दाखिला www.itiharyana.gov.in का भी नियमित अवलोकन करते रहें।
पीआरडीएच- 1065/11/20/2022/5611/88/7 दि. 12.11.21 निदेशक

## पेज एक का शेष

### सुप्रीम कोर्ट का सख्त...

स्थायी कमीशन के लिए उनके आवेदन खारिज कर दिए गए। अदालत ने सेना को कहा कि 26 नवंबर तक ये प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस एएस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि जो योग्य अफसर हैं उन्हें भी तीन हफ्ते में स्थाई कमीशन देना होगा, वो भले ही कोर्ट नहीं आईं।

### कैसे माना जाए कि...

प्रदेश को आगे ले जाने की कोशिश करेंगे। उत्तराखंड में इतनी बड़ी आपदा आई, लेकिन प्रधानमंत्री नहीं आए, अब केदारनाथ आ सकते हैं, तो उस समय नहीं आ सकते थे। गृहमंत्री अमित शाह आए तो कहां है राहत पैकेज? कैसे माना जाए कि डबल इंजन की सरकार है। इतनी सारी घोषणाएं की थीं, अब तो समय नहीं बचा पूरा करने का, जनता सब समझ रही है। परिणाम चुनाव के वक्त भुगतना पड़ेगा। यह कहना है उत्तराखंड के नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह का। वे हरिभूमि व जनता टीवी के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से सार्थक संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे।

### सवाल : आप उत्तराखंड...

**जवाब** - साल 2017 के चुनाव से पूर्व हमारे बहुत से साथी कांग्रेस से अलग हुए, तब की परिस्थितियां अलग थीं। देश में अकेले कांग्रेस ही ऐसा दल है, जो कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक मजबूत है। हमारी विचारधारा के लोग और कैडर है। आप देखिए, पिछले चुनाव में कुछ सीटें ऐसी भी थीं, जहां हमारे साथी बहुत कम अंतर से हारे थे, लेकिन उसके बाद हम फिर उठकर खड़े हुए हैं। इसके बाद नगर निगम चुनाव में दो जगह हम जीते हैं। दूसरी ओर भाजपा ने 2017 के चुनाव में बहुत बड़े वादे किए थे, किया कुछ नहीं। आज की स्थिति यह है कि लोग सरकार से हताश हैं। वादे पूरे न करने का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा, जनता सब समझती है। हमारा प्रयास है कि 2022 में जनता हमें सरकार बनाने का मौका देती है, तो भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने का प्रयास करेंगे। सबके सहयोग से प्रदेश को आगे ले जाने की कोशिश करेंगे।

**सवाल : आप कह रहे हैं कि 2022 में पार्टी वापसी कर रही है, लेकिन भाजपा के नेता बहुत आत्ममुग्ध हैं। वे कह रहे हैं कि उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार कायम रहेगी।**

**जवाब** - उनके तीन काले कानून से किसान पहले ही परेशान हैं। जरा देखिए, उत्तराखंड में बेरोजगारी की दर सबसे अधिक है। महंगाई की मार देखिए, पेट्रोल सौ रुपए के पार, डीजल सौ रुपए के लगभग है। रसोई गैस हजार रुपए के पास है। गरीबों का जीना मुश्किल हो रहा है। इससे पहले मनमोहन सिंह के नेतृत्व में जब कांग्रेस की सरकार थी, तो 10 रुपए अगर पेट्रोल पर बढ़ गए तो यही भाजपा हाहाकार मचा देती थी। यह सरकार उत्तराखंड में विफल हुई है, इस पर तो खुद भाजपा नेतृत्व ने मुहर लगाई है तीन-तीन मुख्यमंत्री बदलकर, अगर वे अच्छा काम कर रहे होते तो हर साल सीएम बदलना पड़ता। कोरोना से निपटने में भी सरकार विफल हुई है, व्यापक भ्रष्टाचार किया गया। पांच सौ रुपए का रेमडेसिविर इंजेक्शन पचास हजार से लेकर एक लाख रुपए तक में बिका है। इन्होंने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की बात की थी, लेकिन, यहां बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया। चुनाव के समय भ्रष्टाचार पर लगाम कसने लोकायुक्त की घोषणा की थी, लेकिन आज तक लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं की। उत्तराखंड में इतनी बड़ी आपदा आई, लेकिन प्रधानमंत्री नहीं आए, अब केदारनाथ आ सकते हैं, तो उस समय नहीं आ सकते थे। गृहमंत्री अमित शाह आए तो कहां है राहत पैकेज। कैसे माना जाए कि डबल इंजन की सरकार है। इतनी सारी घोषणाएं की थीं, अब तो समय नहीं बचा पूरा करने का, जनता सब समझ रही है। परिणाम चुनाव के वक्त भुगतना पड़ेगा।

**सवाल : आपने नाकामियों की बात की है, लेकिन राज्य की जनता दोनों पार्टियों को बारी-बारी से आजमा रही है। नाकामी का इतिहास दोनों पार्टियों का है, ऐसे में क्या तीसरी ताकत उभरकर आएगी?**

**जवाब** - उत्तराखंड बनने के बाद 2002 में पहला चुनाव हुआ, नारायण दत्त तिवारी मुख्यमंत्री थे, तो क्या विकास नहीं हुआ। क्या उस दौरान आपदा के वक्त काम नहीं हुआ। निर्णय जनता करती है, उस पर मैं कुछ नहीं कहना चाहता। लोकतंत्र में लोगों की जो अपेक्षा होती है, उसे अगर पूरा न किया जाए, तो स्वाभाविक रूप से परिवर्तन होता है। इस प्रदेश में तीसरे विकल्प की कोई स्थिति दिखाई नहीं देती।

**सवाल : 2017 की विफलता में क्या आप इससे इंकार करेंगे कि हरीश रावत सीएम के तौर पर खारिज कर दिए गए, वे खुद दो सीटों से लड़कर बुरी तरह हारे?**

**जवाब** - देखिए, हार-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है, इस पर कुछ नहीं कह सकता। राष्ट्रीय नेतृत्व ने निर्णय किया है कि हम सामूहिक नेतृत्व में आगे बढ़ेंगे। 2022 में जब हम जीतेंगे तब सब मिलकर प्रदेश का नेतृत्व तय करेंगे। अभी हमारी कोशिश है कि जो खामियां रहीं हैं, उन्हें दूर करें। राष्ट्रीय नेतृत्व भविष्य में क्या निर्णय करता है, क्या होगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।

### अब अमेरिका की तरह...

साथ आरडीजी अकाउंट खोलने की सुविधा मिलेगी। अमेरिका की तरह पहली बार भारतीयों को भी बॉन्ड मार्केट में सीधे पैसा लगाने का मौका मिला है। इसका मतलब साफ है कि शेयर बाजार की तरह अब इन बॉन्ड में भी आप पैसा लगाकर एफडी से ज्यादा कमाई कर सकेंगे। रिजर्व बैंक की एकीकृत लोकपाल योजना के द्वारा देश में लोगों द्वारा बैंकों की शिकायतों के बारे में समाधान प्रक्रिया में और सुधार करने की कोशिश की जाएगी। इस स्कीम की थीम, एक देश, एक लोकपाल बनाई गई है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि आरबीआई वित्तीय मामलों में हमेशा संवाद बनाए रखता है। इन दोनों योजनाओं से देश में निवेश के दायरे का विस्तार होगा। इनके जरिए छोटे से लेकर बड़े निवेशकों को लाभ होगा, साथ ही पारदर्शिता भी आएगी। अभी तक गवर्मेंट सिक्यूरिटी मार्केट में हमारे मध्यम वर्ग, कर्मचारी, छोटे व्यापारी, वरिष्ठ नागरिकों को सिक्योरिटीज में निवेश के लिए बैंक इंश्योरेंस या म्यूचुअल फंड जैसे रास्ते अपनाने पड़ते थे। अब उन्हें सुरक्षित निवेश का एक और बेहतर विकल्प मिल रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत अर्थव्यवस्था में सबकी भागीदारी की भावना का सम्मान करना और उसे बढ़ाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के इस चुनौतीपूर्ण कालखंड में वित्त मंत्रालय, आरबीआई और अन्य वित्तीय संस्थाओं ने बहुत प्रशंसनीय कार्य किया है।

हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | विभिन्न स्थलों पंचकूला, अम्बाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, यमुनानगर, सोनीपत, पानीपत, रोहतक और झज्जर में इंटीरियर डिजाइन, प्लानिंग के प्रावधान हेतु आर्किटेक्ट की नियुक्ति प्रशासनिक कारणों की वजह से निविदा रद्द कर दी गई है। 13/2021-22 | बंद होने की तिथि 09.09.2021, खुलने की तिथि 10.09.2021 | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 [illegible] |
| 2 | एचवीपीएनएल | HVPNL/IE/PPP-1/4TH TERM | शुद्धिपत्र-1 ऑनलाइन बोली जमा की निर्धारित तिथि में विस्तार 18.11.2021 तक 17:00 बजे तक और खुलने की तिथि 24.11.2021 | www.hvpn.org.in | 1722583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचपीजीसीएल | NIT NO 18/HPGCL/CE/FUEL-285 VIL-II DATED 22.09.2021 | बोली जमा की अन्तिम तिथि में विस्तार तकनीकी बोली भाग-1 का खुलना, निविदा जमा हेतु अन्तिम तिथि व समय 08.12.2021 निविदा की तकनीकी बोलियां / भाग-I के खुलने की तिथि व समय 09.12.2021 | https://etenders.hry.nic.in | 9316063453 xenfuel2.pkl@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें. www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2022/60/5630/I/88/7 दि. 12.11.21

हिन्दुस्तान टिन वर्क्स लिमिटेड
पंजी. कार्यालय : 426, डीएलएफ टावर ए, जसौला, नई दिल्ली-110025
www.hindustantin.biz
Contact No. : 011-49998888, Fax : 011-49998822

मान्यताप्राप्त एक स्टार एक्सपोर्ट हाउस
उत्पादन बिक्री : 27%
शुद्ध बिक्री 15%
पीबीटी 17%
पर्यावरणानुकूल भविष्य बनाते हुए

SCRIP CODE : 530315
CIN: L27109DL1958PLC003006
(रु. लाखों में)

30 सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही और छह माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

| विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त छह माह | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30.09.2021 | 30.06.2021 | 30.09.2020 | 30.09.2021 | 30.09.2020 | 31.03.2021 |
| | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अअंकेक्षित) | (अंकेक्षित) |
| प्रचालनों से कुल आय | 10831.75 | 10480.30 | 9424.67 | 21312.05 | 14681.72 | 32591.11 |
| अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 747.16 | 699.71 | 638.36 | 1446.87 | 693.06 | 1962.79 |
| कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 747.16 | 699.71 | 638.36 | 1446.87 | 693.06 | 1962.79 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 461.87 | 498.80 | 477.20 | 960.67 | 518.74 | 1459.13 |
| अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 456.38 | 506.40 | 506.88 | 962.78 | 586.82 | 1498.18 |
| भुगतान किया गया इक्विटी शेयर कैपिटल | 1039.97 | 1039.97 | 1039.97 | 1039.97 | 1039.97 | 1039.97 |
| पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | | | | | | 15470.19 |
| बेसिक | 4.39 | 4.87 | 4.87 | 9.26 | 5.64 | 14.41 |
| डायल्युटेड | 4.39 | 4.87 | 4.87 | 9.26 | 5.64 | 14.41 |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 12 नवम्बर 2021 को आयोजित इसकी बैठक में कम्पनी के निदेशक मंडल द्वारा रिकार्ड पर लिये गये।
2. सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.hindustantin.biz पर उपलब्ध हैं।
3. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013, इसके तहत जारी सम्बन्धित नियमों के साथ पठित धारा 133 और सामान्यतः भारत में स्वीकार्य अन्य लेखा सिद्धांतों के तहत तैयार किये अनुसार भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12 नवम्बर 2021
सैकड़ों उत्पाद ... एक कैन !
संजय भाटिया
प्रबंध निदेशक

पहचान की अपील



अज्ञात

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **नामालूम, पुत्र नामालूम,** निवासी नामालूम, आयु लगभग 50 वर्ष, कद 5'8", रंग सांवला, शरीर पतला, चेहरा लम्बा, जो सफेद रंग की चैकदार शर्ट तथा नीले रंग का पजामा पहने हुए था, जो दिनांक 02.11.2021 को सेंट स्टीफन अस्पताल गेट नं. 3 के नज़दीक, रोड साइड तीस हजारी, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 48-ए दिनांक 02.11.2021 धारा 174 सीआर.पी.सी थाना सब्जी मण्डी, दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो नीचे लिखे पते पर सूचित करें।

थाना प्रभारी
थानाः सब्जी मण्डी, दिल्ली
फोनः 011-23827354
DP/1704/N/2021

बाग वर्कर से संबंधित प्रशिक्षण के लिये आवेदन आमंत्रित।

(सूचना)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना जिला फतेहाबाद (हरियाणा) पर वर्ष 2021-22 में बाग वर्कर से संबंधित पांच दिवसीय प्रशिक्षण करवाया जाना है। हरियाणा राज्य के सभी जिलों के किसान निम्नलिखित प्रशिक्षण तिथि से दो कार्यदिवस पहले तक उद्यान विभाग की वेबसाईट (kaushal.hortharyana.gov.in) के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष व अधिकतम 60 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण के लिये अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र, भूना पर सीटों की संख्या 10 सीटें प्रति प्रशिक्षण हैं। प्रशिक्षार्थी का चयन **"पहले आओ पहले पाओ"** के आधार पर किया जायेगा। आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड, बैंक पासबुक, परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान प्रथम दिन अपने साथ लेकर आयें। प्रशिक्षण के दौरान रात्रि ठहराव की व्यवस्था नहीं होगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची।

| दिनांक | अवधि (दिनों में) | विषय | सीटों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 06/12/2021 से 10/12/2021 तक | 5 | बाग वर्कर | 10 |
| 20/12/2021 से 24/12/2021 तक | 5 | बाग वर्कर | 10 |
| 03/01/2022 से 07/01/2022 तक | 5 | बाग वर्कर | 10 |
| 17/01/2022 से 21/01/2022 तक | 5 | बाग वर्कर | 10 |
| 31/01/2022 से 04/02/2022 तक | 5 | बाग वर्कर | 10 |
| 21/02/2022 से 25/02/2022 तक | 5 | बाग वर्कर | 10 |
| 07/03/2022 से 11/03/2022 तक | 5 | बाग वर्कर | 10 |

नोट :- प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान हरियाणा सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी की गई Covid-19 के सभी नियमों का पालन करना अति आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिये केन्द्र अधिकारी डा. सचिन कुमार, विषय विशेषज्ञ (मो. 98129-43870) से संपर्क कर सकते हैं। चयन सूची विभाग की वेबसाईट **(kaushal.hortharyana.gov.in)** पर अपलोड कर दी जायेगी।

हस्ता/-
उपनिदेशक उद्यान, अमरूद उत्कृष्टता केन्द्र,
पीआरडीएच-1149/11/92/2022/5608/88/7 दि. 12.11.21 भूना (फतेहाबाद)।

सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
पंजी. कार्यालय एवं वर्क्स : खसरा नं. 62, डी1/3 इंडस्ट्रीयल एरिया, राजा रामपुर, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, यूपी 203205 आईएन
CIN: L17112UP1993PLC022479 Email: samtex.compliance@gmail.com, Website: samtexfashions.com

30 सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही और अर्ध वर्ष हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार
(रु. लाखों में, प्रति शेयर डेटा को छोड़कर)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | वर्ष से तिथि | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | वर्ष से तिथि | | समाप्त वर्ष |
| | | अअंकेक्षित 30.09.21 | अअंकेक्षित 30.09.20 | अअंकेक्षित 30.09.21 | अअंकेक्षित 30.09.20 | अंकेक्षित 31.03.21 | अअंकेक्षित 30.09.21 | अअंकेक्षित 30.09.20 | अअंकेक्षित 30.09.21 | अअंकेक्षित 30.09.20 | अंकेक्षित 31.03.21 |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 0 | 0.09 | 0 | 0.09 | 0.6 | 0 | 4.69 | 0.02 | 7.09 | 13.55 |
| 2 | कर के पश्चात् सामान्य गतिविधियों से शुद्ध लाभ/(हानि) | (19.69) | (17.29) | (39.27) | (34.99) | (76.56) | (181.68) | (231.28) | (367.97) | (438.33) | (807.85) |
| 3 | कर के पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | (19.69) | (17.29) | (39.27) | (34.99) | (76.56) | (181.68) | (231.28) | (367.97) | (438.33) | (807.85) |
| 4 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 | 1490.00 |
| 6 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) बेसिक | (0.03) | (0.02) | (0.05) | (0.05) | (0.10) | (0.24) | (0.31) | (0.49) | (0.59) | (1.08) |
| 7 | अर्जन प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व) डायल्यूटिड | (0.03) | (0.02) | (0.05) | (0.05) | (0.10) | (0.24) | (0.31) | (0.49) | (0.59) | (1.08) |

टिप्पणी :उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स तथा कम्पनी की वेबसाइट : www.samtexfashions.com पर उपलब्ध हैं।

कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/- अतुल मित्तल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00223366
स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 12.11.2021